




# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

अप्रैल–2020

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की समीक्षा बैठक

श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 ने दिनांक 13.03.2020 को विभागीय कार्यों के समयबद्ध अनुश्रवण एवं निस्तारण हेतु साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जिसमें समस्त उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) द्वारा पर्यवेक्षित आवश्यक विषयों पर विचार–विमर्श किया। कुछ महत्वपूर्ण विषय निम्नवत हैं–

- प्रारम्भिक जाँच, विभागीय कार्यवाही, बिना वेतन अवकाश प्रकरण, स्थानान्तरण आदेशों का अनुपालन, अनुशासनहीनता यथा– अनाधिकृत गैर हाजिरी की स्थिति, आदि।
- जनपदों को आवंटित अनुदान व उपभोग, जनपदों व रेडियो मुख्यालय पर लम्बित बिल, अतिरिक्त अनुदान हेतु भेजे गये माँग पत्रों का अनुश्रवण, आदि।
- मा0 राज्य सूचना आयोग में योजित वाद, विभिन्न मा0 न्यायालयों में दाखिल रिट याचिकाओं में पैरवी, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 कार्यालयों एवं वेबसाइट पर प्राप्त सन्दर्भों के निस्तारण एवं फीडिंग, अधिकारियों/कर्मचारियों के यात्रा भत्ता/चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान, आदि।
- जनपदों एवं वाहिनियों की स्थायी तथा अस्थायी ड्यूटियों (मेला, चुनाव, बाढ़ ड्यूटी, इत्यादि) हेतु उपकरण उपलब्ध कराने, खोये एवं क्षतिग्रस्त उपकरणों के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही, पोलनेट का क्रियान्वयन, नये नेटवर्क हेतु लाइसेंस स्वीकृति व स्पेक्ट्रम चार्ज़ेज़ का भुगतान, आदि।
- विभागीय एवं अल्पकालीन प्रशिक्षण, विभिन्न खेलों की तैयारी, दूरसंचार मुख्यालय व कालोनी परिसर की साफ–सफाई, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय/शासन स्तर पर प्रस्तावित निर्माण कार्यों के अनुश्रवण, आदि।
- शासन में लम्बित एवं मुख्यालय पर तैयार किये जाने वाले संचार व्यवस्था से सम्बन्धित विभिन्न प्रस्ताव व प्रगति, विभिन्न संचार व अन्य उपकरणों के अनुरक्षण एवं परीक्षण, स्वीकृत उपकरणों की क्रय कार्यवाहियाँ, स्टोर, सेटों आदि का भौतिक सत्यापन, लम्बित प्रस्तावों, सेटों के निष्प्रयोजन, सेटों की उपकर्मिकाओं, सेटों का निष्प्रयोजन और निष्प्रयोज्य सेटों की शासन से स्वीकृति, सार्वजनिक नीलामी, आदि।

इससे पूर्व दिनांक 07.03.2020 को श्री गुप्ता द्वारा रेडियो मुख्यालय स्थित कार्यालयों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।









## सराहनीय कार्य

• निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राज्य पाल, उ0प्र0 | |
| 12–13.03.2020 | श्रावस्ती |
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 30.03.2020 | गौतमबुद्धनगर |
| 14.03.2020 | वाराणसी |
| 13.03.2020 | बहराइच |
| 12.03.2020 | श्रावस्ती |
| 08.03.2020 | सिद्धार्थनगर |
| 08.03.2020 | कुशीनगर |
| 03.03.2020 | मथुरा |
| 02.03.2020 | गौतमबुद्धनगर |
| 01.03.2020 | गौतमबुद्धनगर |

• दिनांक 12.03.2020 को समय 0405 बजे थाना खुर्जा मोबाइल द्वारा सीसीआर खुर्जा, जनपद बुलन्दशहर को बताया गया कि एक महेन्द्रा पिकअप, जिसमें 02 भैंस लदी हैं, रोकने पर नहीं रुकी है। सूचना पर ड्यूटीरत प्र0परि0/5436, शिव कुमार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सर्वसम्बन्धित को सूचित कर उक्त पिकअप को मय भैंसों के समय 0425 बजे बरामद कराया गया। अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश भाग गये। क्षेत्राधिकारी, खुर्जा द्वारा ड्यूटीरत परिचालक का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसा की गयी।

• जनपद बदायूँ में दिनांक 08–09.03.2020 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ द्वारा समय 2330 बजे से 0230 बजे तक अवैध शराब से सम्बन्धित चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश पर चेकिंग के दौरान समय 0125 बजे थाना प्रभारी, वजीरगंज द्वारा कण्ट्रोल रुम को अवगत कराया गया कि 03 बड़ी एवं 02 छोटी गाड़ियाँ संदिग्ध हालत में बदायूँ की तरफ भाग रही हैं। सूचना पर ड्यूटीरत प्र0परि0/4142, हेमेन्द्र सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सर्वसम्बन्धित को सूचित करके गाड़ी (आयशर कैन्टर संख्याः बीपी 10 बीवी 3349) को समय 0234 बजे पकड़ा गया जिसमें अंग्रेजी शराब भरी हुयी थी। गाड़ी पकड़े जाने पर उच्चाधिकारियों द्वारा उक्त परिचालक की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।

## उ0प्र0 शासन, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज एवं अन्य मुख्यालयों के आदेश/निर्देश

• मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–चार–115(परिपत्र–2) 2017 दिनांक 06.03.2020 द्वारा पुलिस कर्मियों का मनोबल ऊँचा रखने के दृष्टिकोण से पुलिस कर्मियों की समस्या यथा–समय से जीपीएफ, पेंशन, टीए, डीए, वेतन विसंगतियों, अवकाश एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति के देयों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर किये जाने हेतु निर्गत अ0शा0 परिपत्र संख्याः डीजी–33/2011 दिनांक 25.10.2011 के दिशा–निर्देशों के अनुरुप कार्य किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

• मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–एक–(अवकाश निर्देश)2018 दिनांक 07.03.2020 द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों को अपने सक्षम अधिकारी से अनुमति लेकर ही मुख्यालय से बाहर प्रस्थान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

• पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03)/2020 दिनांक 15.03.2020 द्वारा "नोवेल कोरोना वायरस–2019" के संक्रमण से बचाव एवं प्रभावी कानूनी कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर कड़ाई से पालन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

• उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ के पत्र संख्याः चौबीस–401–2019–20 दिनांक 06.03.2020 द्वारा ज़ोनल कार्यालय एवं परिक्षेत्रीय कार्यालयों पर उपलब्ध आवास, जिन्हें सक्षम अधिकारियों द्वारा आवंटित किया जाता है, ऐसे आवासों को मा0 उच्च न्यायालय की अपेक्षा के क्रम में अवैध अध्यासियों से रिक्त कराकर सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

• राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः मेमो–जी0सी0–01/2020 दिनांक 27.03.2020 द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा निर्गत परिपत्र संख्याः डीजी–चार–स्था0(विविध)/2018/एसी–5 दिनांक 22.03.2020 के आदेशानुसार जो पुलिस कर्मी स्थानान्तरण पर कार्यमुक्त होकर ज्वाइनिंग टाइम का उपभोग कर रहे थे, अथवा ऐसे कर्मी जो आकस्मिक अवकाश/उपार्जित अवकाश पर थे, सम्पूर्ण देश में लॉकडाउन के फलस्वरूप आवागमन के साधन उपलब्ध न होने के कारण नवनियुक्ति स्थान/नियुक्ति जनपद में आगमन कराने हेतु नहीं पहुँच पा रहे हैं, को वर्तमान में उपस्थित जनपदों में आगमन कराने की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए हैं।

• अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के पत्र संख्याः सीए/एडीजी–1/2020 दिनांक 20.03.2020 द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः डीजी–एक–(अवकाश निर्देश)2018 दिनांक 07.03.2020 के निर्देशानुसार समस्त पुलिस अधिकारियों को अपने सक्षम अधिकारीगण की अनुमति लेकर ही मुख्यालय से बाहर प्रस्थान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

• अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के पत्र संख्याः सीए/एडीजी–1/2020 दिनांक 17.03.2020 द्वारा "नोवेल कोरोना वायरस–2019" के संक्रमण से बचाव एवं प्रभावी कानूनी कार्यवाही हेतु पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03)/2020 दिनांक 15.03.2020 का भली–भाँति अध्ययन कर निहित निर्देशों का कड़ाई से पालन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

• राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एसआरओ(प्रशा0) –34/2019 दिनांक 18.03.2020 द्वारा रेडियो विभाग के अराजपत्रित रेडियो कार्मिकों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि अंकित किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्याः 1773/6–पु–1–05–51/199 दिनांक 09.06.2005 द्वारा प्रतिवेदक, समीक्षक एवं स्वीकर्ता अधिकारियों का निर्धारण किये जाने से सूचित करते हुए शासनादेश के अनुसार प्रविष्टियाँ अंकित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

● उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः सी–18/2015 दिनांक 04.03.2020 द्वारा अवगत कराया गया है कि पोलनेट प्रणाली के अपग्रेडेशन, नवीनीकरण एवं विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के जनपदों में पोलनेट उपकरणों के अधिष्ठापन कराये जाने हेतु गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत फर्म (मे0 अल्फा डिजाईन टेक्नॉलॉज़ीज़, प्रा0लि0) को दिनांक 18.02.2020 को सम्पूर्ति आदेश निर्गत कर दिया गया है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन द्वारा निर्धारित दिनांकों 05.03.2020 एवं 06.03.2020 को सम्बन्धित जनपदों के राज्य रेडियो अधिकारी/जोनल अपर राज्य रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग किये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

## कल्याणकारी कार्य


● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में फरवरी–2020 में 352 कार्मिकों का उपचार किया गया।

● नि:शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर सम्पन्न: दिनांक 01.03.2020: उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में सरस्वती डेण्टल कॉलेज, लखनऊ के सहयोग से नि:शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में सरस्वती डेण्टल कॉलेज, लखनऊ के चिकित्सक एवं इन्टर्न द्वारा स्टाफ के दाँतों का परीक्षण कर परामर्श दिया तथा दाँतों की सुरक्षा हेतु उपाय बताये। मोबाइल वैन में दाँतों से सम्बन्धित उपचार किया गया। आवश्यकतानुसार पेस्ट, माउथवॉश इत्यादि सामग्रियों का वितरण भी किया गया। शिविर से पुलिस रेडियो, 35वीं वाहिनी पी0ए0सी0 एवं विधि विज्ञान प्रयोगशाला, महानगर, लखनऊ का 80 स्टाफ/पारिवारिक सदस्य लाभान्वित हुए।





● दिनांक 19.03.2019: श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने कानपुर एवं बरेली ज़ोन के अपर राज्य रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दोनों ज़ोन के कार्यों की समीक्षा कर देश–प्रदेश में फैल रहे "कोरोना वायरस संक्रमण" के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत आदेश संख्याः डीजी–8–93(03) /2020 दिनांक 15.03. 2020 के अनुक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के पत्र संख्याः सीए–एडीजी–01/2020 दिनांक 17.03.2020 की अपेक्षानुरूप पालन करने एवं सभी स्टाफ को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। नवागन्तुक अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता द्वारा किसी भी जनपद का अल्प–अवधि की सूचना पर कभी भी निरीक्षण करने तथा पोलनेट भवनों के अनुरक्षण एवं साफ–सफाई कराकर तैयार रखे जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। दिनांक 13.02.2020 को सम्पन्न वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों की समीक्षा भी की। कार्य सम्पादन में समस्या/कठिनाईयाँ/सुझाव, उत्साहवर्द्धन व कार्य में सुधार हेतु सुझाव, बजट के सदुपयोग, इत्यादि हेतु आवश्यक निर्देश दिये।




## सेवानिवृत्ति

● उ0प्र0 पुलिस रेडियो से मार्च–2020 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए निम्न 09 अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो निरीक्षक, श्री सर्व देव सिंह, प्रतापगढ़, 2. रेडियो उप निरीक्षक, श्री इन्दुधर द्विवेदी, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उप निरीक्षक, श्री राम अवध यादव, आजमगढ़, 4. रेडियो उप निरीक्षक, श्री सभाजीत सिंह, महोबा, 5. रेडियो उप निरीक्षक, श्री केशव सिंह, अलीगढ़, 6. रेडियो उप निरीक्षक, श्री प्रेम स्वरूप श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उप निरीक्षक, श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, बाराबंकी, 8. रेडियो उप निरीक्षक, श्री कमलेश चन्द्र त्रिपाठी, गोण्डा एवं 9. संदेश वाहक, श्री मो0 नईम, प्रयागराज।





## तकनीकी

### "डिजीटल इण्डिया सम्बन्धी एप्स"

सरकारी विभागों से जुड़े रोजमर्रा के कार्यों को पूरा करने हेतु सरकार के डिज़िटल इण्डिया अभियान के तहत अलग–अलग विभागों से जुड़े एप्स से रोजमर्रा के काम काफी आसान हो गये हैं। ऐसे कुछ मोबाइल एप्स निम्न हैं–

● खेलो इण्डिया: स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया द्वारा डेवलप इस एप पर अलग–अलग खेलों की जानकारी के साथ खेल को खेलने तथा आसपास मौजूद स्पोर्ट्स फैसिलिटी सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध है। यह एप एण्ड्रायड मोबाइल में प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

● कन्ज्यूमर एप: डिपार्टमेण्ट ऑफ कन्ज़्यूमर अफेयर्स द्वारा डेवलप इस एप पर कन्ज़्यूमर अपना सुझाव दे सकते हैं और शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं।

शिकायत पर सम्पन्न कार्यवाही को ट्रैक भी किया जा सकता है। यह एप एण्ड्रायड एवं आइओएस दोनों मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है।

- नेशनल स्कॉलरशिप: सरकार द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप की जानकारी इस एप से ली जा सकती है। इस एप में स्टडी स्कीम, क्वालिफिकेशन, स्टूडेण्ट रजिस्ट्रेशन, स्कीम सलेक्शन, डॉक्यूमेंट अपलोड, एप्लीकेशन सबमिशन आदि सुविधायें दी गयी हैं। यह एप एण्ड्रायड मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है।

- एमपरिवहन: यह एप नेशनल इंर्फोमेटिक सेंटर ने डेवलप किया है। इस एप के माध्यम से पूरे देश में आरटीओ व्हीकल रजिस्ट्रेशन नम्बर को सर्च कर व्हीकल ऑनर का नाम, रजिस्ट्रेशन डेट, मॉडल, फिटनेस वैलेडिटी आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह एप एण्ड्रायड मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है।

- एमपासपोर्ट सेवा: पासपोर्ट के लिए अप्लाई करना एमपासपोर्ट सेवा एप के जरिए आसान हो गया है। इस एप के जरिए देश में कहीं से भी पासपोर्ट के लिए अप्लाई कर सकते हैं। यह एप एण्ड्रायड, आईओएस एवं विण्डोज मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है।

- किसान सुविधा: यह एप किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर डेवलप किया गया है। खेती एवं मौसम से सम्बन्धित जानकारी, डीलर्स, मार्केट प्राइस, प्लाण्ट प्रोटेक्शन, आईपीएम प्रैक्टिस आदि की जानकारी भी इस एप से ली जा सकती है। यह एप एण्ड्रायड मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है।

- आयकर सेतु: यह एप आयकर विभाग द्वारा डेवलप किया गया है। इसके द्वारा ऑनलाइन टैक्स जमा करने, आयकर सम्बन्धी सवालों के जवाब हासिल करने तथा पैन कार्ड के लिए ऑनलाइन अप्लाई करने की सुविधा उपलब्ध है। यह एप एण्ड्रायड मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है।

## करोना वायरस से बचाव सम्बन्ध में रेडियो मुख्यालय पर कार्यवाही

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर करोना वायरस संक्रमण से बचाव हेतु व्यापक जागरुकता अभियान चलाया गया। सभी मुख्य-मुख्य स्थानों एवं नोटिस बोर्ड पर पोस्टर्स चिपकवाये गये तथा मोबाइल पर सन्देश भी भेजे गये। रेडियो मुख्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को मॉस्क, हैण्ड ग्लब्ज़, साबुन, सेनेटाइज़र्स, इत्यादि का पर्याप्त मात्रा में निरन्तर वितरण किया जा रहा है। रेडियो मुख्यालय के सेनेटाइज़ेशन हेतु नगर निगम के सम्बन्धित अधिकारियों एवं चिकित्सकों से परामर्श कर सेनेटाइज़ेशन हेतु उपकरणों एवं आवश्यक दवाओं का क्रय किया गया तथा कार्यालयों तथा सम्पूर्ण परिसर को निरन्तर सेनेटाइज़ कराया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कॉलोनी में आवासित परिवारों के कोरोना वायरस से बचाव के लिये सचेत करने हेतु सार्वजनिक उद्घोषणायें करायी गयीं। कॉलोनी के सभी 283 आवासों की भी सेनेटाइज़िंग करायी गयी। कॉलोनी में बाहरी व्यक्तियों के आवागमन पर कड़ा नियंत्रण किया गया ताकि बाहर से कोई वायरस प्रभावित व्यक्ति कॉलोनी को प्रभावित न कर सके। कॉलोनी में आवासित परिवारों की सुविधा हेतु दूध, फल एवं सब्जी की व्यवस्था कॉलोनी में ही करायी गयी जिससे स्टाफ को बाहर न जाना पड़े तथा संक्रमण से प्रभावित होने की सम्भावना ही न रहे।










लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।
मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW
प्रतियाँ – 300